आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. सरकार ने विकसित भारत– वीबी–जी राम जी के तहत किए जाने वाले कामों की सूची जारी की है।
2. पर्यटन विभाग की ओर से 27 से 31 दिसम्बर तक द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।
3. द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने विभिन्न सेवाओं को अपनी मंजूरी प्रदान की।
4. जेम्स ऑफ इंडिया पायलट पहल के तहत प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

<><><><><><><>

सरकार ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी यानी वीबी–जी राम जी के तहत किए जाने वाले कामों की सूची जारी की है। नई सूची में कुल 375 तरह के काम शामिल हैं। इन कामों को चार मुख्य हिस्सों में बांटा गया है। पहला जल सुरक्षा, दूसरे हिस्से में ग्रामीण बुनियादी ढांचा, तीसरे हिस्से में रोजगार और आजीविका से जुड़े बुनियादी ढांचे शामिल हैं। वहीं, पहली बार आपदा की तैयारी और खराब मौसम से निपटने के लिए अलग से 38 काम शामिल किए गए हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। विभिन्न स्थानों पर आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में पार्टी पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी जुडेंगे।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के अंतर्गत अंडमान निकोबार द्वीप समूह ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से मरीना पार्क में 'एसएचजी मेला' का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 10 और 11 अक्टूबर को शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। मेले में विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प, हस्तनिर्मित उत्पाद, खाद्य उत्पाद, नारियल–आधारित उत्पाद, कॉयर उत्पाद, मूल्यवर्धित वस्तुएं और अन्य स्थानीय उत्पाद शामिल होंगे।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से दिसम्बर माह में द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 27 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव के तहत, कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से द्वीपसमूह के विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस संबंध में द्वीप समूह की स्थानीय सांस्कृतिक समितियों और संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इसके तहत प्रत्येक समूह को कम से कम 4 से 6 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। नृत्य प्रस्तुति की न्यूनतम अवधि 30 मिनट तथा गायन प्रस्तुति की अवधि 45 मिनट से 1 घंटा होनी चाहिए। भाग लेने वाले कलाकारों की आयु 8 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। प्रत्येक समूह में 8 से 15 सदस्य तक हो सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी को आवेदन के साथ एक स्व–प्रमाण पत्र जमा करना होगा। आवेदन 6 नवंबर शाम 4 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या ई–मेल के माध्यम से कला एवं संस्कृति निदेशालय में जमा किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र और स्व–प्रमाण पत्र का प्रारूप प्रशासन या विभाग के वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते है। प्रतिभागियों का चयन कार्यक्रम चयन समिति द्वारा अंडमान क्लब में दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे के बीच आयोजित होने वाले रिहर्सल के दौरान किया जाएगा। नृत्य समूह रिहर्सल 11 और 12 नवंबर तथा गायन समूह रिहर्सल 13 नवंबर को रखा गया है। किसी भी जानकारी के लिए इच्छुक संगठन फोन संख्या 234775 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केन्द्र, श्री विजयपुरम की अपर निदेशक सनम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा जी से मुलाकात कर दूरदर्शन केंद्र में उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लाने में आ रही चुनौतियों और समस्याओं से उपराज्यपाल को अवगत कराया। भाजपा प्रदेश कार्यालय के सचिव डॉ. आर. देवदास तथा अंडमान–निकोबार जनता पार्टी के

प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य वी. के. अब्दुल अजीज ने उप–राज्यपाल से मुलाकात कर क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान Hop-on Hop-off बस सेवा के किराये में कटौती पर विचार करते हुए, परिवहन विभाग द्वारा प्रस्तावित किराये में कटौती को मंजूरी दी। जिसके तहत गैर–द्वीपवासियों के लिए अब किराया 100 रूपये से घटाकर 50 रूपये और द्वीपवासियों 40 रूपये निर्धारित किया गया। इस सुविधा के तहत यात्री केवल एक बार किराया देकर पूरे दिन एसी बस में यात्रा कर सकेंगे। उपराज्यपाल ने ढाई करोड़ की लागत से बम्बूफ्लाट के सुनामी पहाड़ में 2 करोड़ लीटर क्षमता वाले जलाशय और एक पंप हाउस के निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद को अनुदान जारी करने के अनुरोध पर, उपराज्यपाल ने तुरंत 18 करोड़ रूपये की राशि जारी करने के निर्देश दिए।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से द्वीपसमूह के युवा रचनाकारों को अपने जिले की कहानियां साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। जेम्स ऑफ इंडिया

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की एक राष्ट्रीय पहल है, जिसे प्रसार भारती के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश भर के जिलों से उभरते रचनाकारों की पहचान करना, उन्हें प्रोत्साहित करना और एक राष्ट्रीय डिजिटल मंच प्रदान करना है। जेम्स ऑफ इंडिया पायलट पहल के तहत प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि को अब बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया गया है। यह पहल 6 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू की जा रही है, जिसमें अंडमान निकोबार द्वीप समूह भी शामिल है। इच्छुक प्रतिभागी WAVES OTT प्लेटफॉर्म के MyWAVES अनुभाग के माध्यम से 31 अक्टूबर तक पंजीकरण करके अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। डिजिटल सामग्री अपलोड करते समय किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए प्रभारी, आईटी सेल से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

कार निकोबार में पिछले दिनों सूअरों में बीमारी की सूचना मिली है। पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा एकत्र किए गए नमूनों की मुख्य भूमि की प्रयोगशालाओं में जांच की गई, जिसमें क्लासिक स्वाइन फीवर की पुष्टि हुई है। इसे देखते हुए क्षेत्र के निवासियों के लिए परामर्श जारी किया गया है। परामर्श के अनुसार बीमार या संदिग्ध सूअरों को स्वस्थ जानवरों से तुरंत अलग करने और निकटतम पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचित करने को कहा गया है।

6 सप्ताह से अधिक आयु के सभी पात्र स्वस्थ सूअरों का पशु चिकित्सा अधिकारियों की सलाह अनुसार टीकाकरण कराने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

रिफॉर्म उत्सव के सिलसिले में, दक्षिण अंडमान उप शिक्षा कार्यालय, की ओर से स्कूली विद्यार्थियों के लिए खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज साइकल रैली और 9 अक्तूबर को प्रदर्शनी मैदान में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

<><><><><><><>